## Concern over terrorists having acquired High Technological Weapons and Communication System

**श्री अजय मारू** (झारखंड) : महोदय, यह बात अब प्रमाणित हो चुकी है कि जम्मू-कश्मीर तथा अन्य राज्यों में सक्रिय आतंकवादियों ने उच्च तकनीकी क्षमता के हथियार प्राप्त कर लिए हैं और वे इस मामले में पुलिस व सुरक्षा बलों से बहुत आगे हैं। उच्च सैनिक अधिकारियों ने भी समाचारपत्रों में प्रकाशित साक्षात्कारों में इस बात को स्वीकार किया है, चूंकि आतंकवादियों की संख्या कम है, वे उच्च तकनीकी की मदद से आतंकवादी घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दे देते हैं। इनकी सहायता से उनका सूचना तंत्र भी बहुत मज़बूत हो गया है। इन आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान से सहायता मिलती है, इसलिए उनके पास पैसे की कमी भी नहीं है। इस पैसे से वे आधुनिक तकनीक के उपकरण जैसे कंट्रोल सर्किट वगैरह खरीद लेते हैं। इस पर गृह मंत्रालय तथा रक्षा मंत्रालय को ध्यान रखना चाहिए।

## Inclusion of eleven castes of Bihar in the list of Scheduled Castes

**प्रो॰ राम देव भंडारी** (बिहार): महोदय, मैं विशेष उल्लेख के माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। पूर्व बिहार सरकार ने कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से पहले आठ जातियों नोनिया, बिंद, मल्लाह, कुमार, बढ़ई, तुरहा, राजभर, चंद्रवंशी और फिर तीन जातियों नाई, कानू और तांती, कुल 11 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी है। यह 11 जातियां अत्यंत पिछड़ा वर्ग की हैं, जिनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनैतिक स्थिति अनुसूचित जाति जैसी है। बिहार सरकार की इस अनुशंसा पर कार्यवाही में विलम्ब करना इन जातियों के साथ न्याय में विलम्ब करना है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि बिहार सरकार की अनुशंसा पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उल्लिखित जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की दिशा में शीघ्र आदेश जारी करें।

**डा॰ कुमकुम राय** (बिहार): महोदय, मैं इस स्पेशल मेन्शन का समर्थन करती हूं।

**श्री गिरीश कुमार सांगी** (आन्ध्र प्रदेश): महोदय, मैं भी समर्थन करता हूं।

## Need to prevent girl child marriages, aborting female foeticide and growing gender imbalance in the country

SHRI VIJAY J. DARDA (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am thankful to you for permitting me to raise the Special Mention concerning